पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

विजय दशमी पर्व पर राज्यपाल ने दी बधाई

लखनऊः 29 सितम्बर, 2017

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने विजय दशमी पर्व पर समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके मंगलमय जीवन की कामना की है।

राज्यपाल ने अपने बधाई सन्देश में कहा है कि दशहरा पर्व हम सभी को असत्य पर सत्य की और अन्याय पर न्याय की विजय का सन्देश देता है। आज के दिन हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम देश से गरीबी, अशिक्षा, भ्रष्टाचार और आतंकवाद रूपी बुराईयों को खत्म करने में सहायक बनेंगे। गरीब और दुःखी व्यक्तियों की सहायता कर हमें उनके जीवन में खुशियाँ लानी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें अपनी 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की परम्परा के अनुकूल सभी लोगों के साथ मिलकर पर्व मनाना चाहिए।

अशोक/ललित/राजभवन (377/49)